Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:15 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:42 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 139 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

'द फैमिली मैन 3' में मनोज...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करना युवक को पड़ा महंगा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में हंगामा कर लोगों को परेशान करना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार मल्लीताल क्षेत्र में कई दिनों से एक युवक के लोगों से अभद्रता करने की शिकायतें पुलिस को मिल रही थी। शुक्रवार को भी युवक ने बाजार क्षेत्र में लोगों से अभद्रता की। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने युवक को मौके पर जाकर अभद्रता करते पकड़ लिया। पुलिस युवक को कोतवाली ले आई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि लोगों से बेवजह अभद्रता करने पर मल्लीताल निवासी देव के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है।

## कार ने मारी दोपहिया वाहनों में टक्कर, चार की मौत, तीन घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ठाणे जिले के अंबरनाथ कस्बे में एक फ्लाईओवर पर एक कार के कुछ दोपहिया वाहनों से टकराने और पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन अन्य घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना शाम करीब 7.15 बजे उस फ्लाईओवर पर हुई जो शहर के पूर्वी हिस्से को पश्चिमी हिस्सों से जोड़ता है। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि टकराने वाले दोपहिया वाहनों में से एक पर सवार शख्स हवा में उछलकर फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर गिर गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, कार चालक ने कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पलटने से पहले चार-पांच दोपहिया वाहनों से टकरा गया। अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) शैलेश काले ने कहा, दुर्घटना में कार चालक सहित चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि टक्कर की वजह से दोपहिया वाहन पूरी तरह से चकनाचूर हो गए।

# दिल्ली में सांस लेना हुआ मुश्किल, कई इलाकों में 400 से ज्यादा एक्यूआई

नई दिल्ली
एजेंसी

राजधानी में हवा की गति तेज होने से हवा थोड़ी साफ हुई है, लेकिन इससे निवासियों को राहत नहीं मिली है। शुक्रवार के बाद आज शनिवार को भी हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी गया है, जिससे वहां की हवा 'गंभीर' श्रेणी में मानी जा रही है।



राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में हल्की कमी आई है, लेकिन यह 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम के डेटा के मुताबिक, शनिवार सुबह एवरेज एक्यूआई 359 रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रिकॉर्ड किए गए एवरेज 364 एक्यूआई से थोड़ा सुधार होने के बावजूद सुबह-सुबह कुछ इलाकों में जहरीले स्मॉग की परत छाई रही। कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी गया है, जिससे वहां की हवा 'गंभीर' श्रेणी में मानी जा रही है। लगातार बने स्मॉग (धुंध) की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो रही है

### बृहस्पतिवार की तुलना में 27 सूचकांक की गिरावट

शुक्रवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 364 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 27 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 422 दर्ज किया गया, यह गंभीर श्रेणी है। वहीं, नोएडा में 394, ग्रेटर नोएडा में 353 और गुरुग्राम में 287 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 238 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि सोमवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में ही बरकरार रहेगी।

वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह राजधानी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 420, अशोक विहार में 403, आया नगर में 333, बवाना में 414, बुराड़ी में 374, डीटीयू में 396, द्वारका में 389, आईटीओ में 370, जहांगीरपुरी में 417, मुंडका 414, नजफगढ़ में 316, पंजाबी बाग में 370, रोहिणी 412, आरकेपुरम 372, वजीरपुर में 427 दर्ज किया गया है।


**1 साल की नौकरी पर ग्रेच्युटी, कॉन्ट्रैक्ट वालों को भी पे स्केल**

# श्रम सुधारों की दिशा में बड़ा कदम, नए श्रम कानून लागू

नई दिल्ली
एजेंसी

श्रम सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने संसद से पांच साल पहले पारित चारों लेबर कोड (श्रम संहिता) को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी।

इसमें गिग वर्कर्स समेत श्रमिकों के हितों के लिहाज से यूनिवर्सल सामाजिक तथा स्वास्थ्य सुरक्षा देने, सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से नियुक्ति पत्र देने, सीमित अवधि के लिए कांट्रैक्ट कर्मचारियों को भी स्थाई कर्मचारियों जैसी सुविधा देने जैसे अहम प्रावधान किए गए हैं। इतना ही नहीं अब ग्रेच्यूटी के लिए पांच साल तक की नौकरी की न्यूनतम अनिवार्यता नहीं रहेगी बल्कि एक साल की नौकरी के बाद ही कर्मचारी ग्रेच्यूटी लाभ पाने का हकदार हो जाएगा। ओवर टाइम का भुगतान के नियम समेत श्रमिक तथा कंपनियों दोनों के हित में कई बदलाव हैं लेबर कोड का हिस्सा।



इसके तहत सभी क्षेत्रों के कामगारों के लिए समय पर न्यूनतम वेतन के साथ ही ओवर टाइम काम के घंटों के लिए दोगुना भुगतान करना होगा। इन सुधारों में महिलाओं की सुरक्षा समेत नाइट-शिफ्ट में काम की छूट, 40 वर्ष से अधिक उम्र के हर कामगार की सालाना मुफ्त अनिवार्य चिकित्सा जांच के साथ ही अब एक सिंगल रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस और रिटर्न सिस्टम का प्रावधान किया गया है। लेबर कोड लागू करने में तमाम श्रम संगठनों तथा कई राज्यों के विरोध के कारण लंबे समय से आ रही अड़चन के बीच माना जा रहा है कि अमेरिका से जारी टैरिफ वार की आर्थिक चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने श्रम सुधारों पर साहसिक कदम बढ़ाने का फैसला लिया है। श्रम सुधारों की वकालत कर रही देशी और विदेशी कंपनियां जाहिर तौर पर नए लेबर कोड के अस्तित्व में आने के बाद अपने निवेश में गुणात्मक बढ़ोतरी करेंगी इसकी पुख्ता संभावनाएं हैं। श्रम मंत्रालय ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इन चारों कोड को 29 मौजूदा श्रम कानूनों के स्थान पर लागू किया जा रहा है। श्रमिकों की भलाई के साथ श्रम इकोसिस्टम को बदलती दुनिया के साथ जोड़कर मजबूत कार्यबल बनाना इसका लक्ष्य है और आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधारों को आगे बढ़ाना समय की जरूरत है।



# अभिनेत्री दिया मिर्जा पहुंचीं नैनीताल अमेरिकन किड्स के स्टूडेंट्स जल्द ही बॉलीवुड मूवी में दिखाएंगे अपना जलवा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

बॉलीवुड की आगामी फिल्म दो दिल में एक नया और ताजा रंग देखने को मिलेगा। अमेरिकन किड्स स्कूल नैनीताल के होनहार बच्चे इस फिल्म में अपने अभिनय का जादू बिखेरते नजर आएंगे।

फिल्म दो दिल की शूटिंग हाल ही में नैनीताल और उसके आसपास के खूबसूरत लोकेशन्स पर पूरी हुई। करीब डेढ़ महीने चली इस शूटिंग के दौरान अमेरिकन किड्स के बच्चों ने मुख्य कलाकारों लक्ष्या जोशी तथा न्वांग ने अभिनेत्री दिया मिर्जा और राहुल भट्ट के साथ स्क्रीन शेयर की। शूटिंग के दौरान बच्चों की एटिवनेस तथा फ्रेंडली नेचर और शानदार स्क्रीन प्रेज़ेंस ने सभी को हैरान कर दिया। दिया मिर्जा तथा फिल्म टीम ने बच्चों की खूब तारीफ़ की और कहा कि इतने छोटे उम्र में इन बच्चों में गज़ब का टैलेंट और कॉन्फिडेंस है इनके साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। शूटिंग यूनिट और बच्चों के पैरेंट्स ने स्कूल की प्रिंसिपल दीपा बिष्ट का विशेष रूप से धन्यवाद और सराहना की कि उन्होंने बच्चों को इतना एटिव व कॉन्फिडेंट और टैलेंटेड बनाया।बच्चों की कास्टिंग प्रसिद्ध कास्टिंग डायरेक्टर्स चारु तिवारी और संतोख सिंह बिष्ट ने की जो पिछले कई सालों से उत्तराखंड में होने वाली शूटिंग्स के लिए कास्टिंग करते आ रहे हैं। इस फिल्म में दोनों खुद भी अभिनय कर रहे हैं।

# तेजस क्रैश: संतुलन बिगड़ने के बाद तेजस से बाहर नहीं निकल पाए विंग कमांडर नमन, तेल रिसाव का दावा

नई दिल्ली
एजेंसी

दुबई के अल-मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई करतब दिखाने के दौरान बलिदान हुए विंग कमांडर नमन सियाल (37) फिलहाल कोयंबटूर में तैनात थे। वह एयर शो में हिस्सा लेने के लिए दुबई गए थे। हादसे के समय संतुलन बिगड़ने के बाद जब तेजस हवा में गोते लगाने लगा तो वह समय रहते उससे बाहर नहीं निकल पाए। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी हो चुके हैं। सच्चाई इसके बाद ही सामने आएगी लेकिन हादसे के वायरल वीडियो को देखने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि निगेटिव जी-टर्न के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण पायलट को अपनी जान गंवानी पड़ी। नेगेटिव जी-टर्न का मतलब है विमान और उसके अंदर बैठे लोगों पर गुरुत्वाकर्षण की सामान्य दिशा के उलट बल लगना। एरोबैटिक करतब के दौरान यह स्थिति तब आती है जब विमान तेजी से नीचे की ओर आता है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी हो चुके हैं। सच्चाई इसके बाद ही सामने आएगी लेकिन हादसे के वायरल वीडियो को देखने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि निगेटिव जी-टर्न के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण पायलट को अपनी जान गंवानी पड़ी।

# डॉ. मंजूनाथ ने अधिकारियों और कर्मियों की समस्याएं सुनीं

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने शुक्रवार को पुलिस लाइन नैनीताल में भव्य परेड का आयोजन किया, जिसमें जवानों की ड्रिल, शारीरिक दक्षता और हथियार संचालन क्षमता का परीक्षण किया गया। इसके बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में नैनीताल जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा और चौकी प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की।



गोष्ठी में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ ने अधिकारियों और कर्मियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद में बेहतर पुलिसिंग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 25 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, उप निरीक्षक, एस.ओ.जी., साइबर सेल और यातायात सैल के कर्मी शामिल हैं। अपराध समीक्षा के दौरान एसएसपी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए और ग्राउंड स्तर पर प्रभावी पुलिसिंग की जाए। कर्मचारियों के वेलफेयर को प्राथमिकता देते हुए यात्रा भत्ता और चिकित्सा प्रतिपूर्ति समय पर सुनिश्चित करने, वेतन विसंगतियों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कानून व्यवस्था की कड़ी निगरानी, गुंडा प्रवृत्ति और अराजक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई, एन. डी. पी. एस. आबकारी और जुआ अधिनियम के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभी क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने थानों की पूर्व समीक्षा करने और आगामी पर्यटन सीजन में विशेषकर पर्यटन स्थलों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में एसपी क्राइम/यातायात डॉ. जगदीश चंद्रा, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल अमित कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक एलआईयू ज्ञानेंद्र शर्मा सहित सभी थाना/ चौकी/ शाखा/ यातायात/ सीपीयू प्रभारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी नगर निगम बोर्ड की बैठक में उठाई मांग

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



नगर निगम बोर्ड की बैठक गजराज सिंह बिष्ट महापौर नगर निगम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें 03 विशेष प्रस्ताव नव समल्लित क्षेत्रो में व्यवसायिक भवनों पर कर जमा करने की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ाई गई।

निगम कार्यलय का विस्तार 6.94 करोड़ में किये जाने एंव एस.टी.पी प्लांट से पाईप लाईन 1.10 करोड़ से डाले जाने पर विचार किया गया, तथा निगम की दुकानो के प्रथम तल को आवंटन किये जाने, कृष्णा कत्था फैक्ट्री में कैम्प कार्यलय बनाये जाने, तथा वहा पर रह रहे लोगो को अन्यत्र बसाये जाने, एस.डी.एम कार्यलय को नमो भवन में शिफट होने के बाद नगर निगम को हस्तांरित करने, स्वंय की भूमि में प्राईवेट पार्किंग बनाने की अनुमति निगम की दुकानों का किराया छुट हेतु 2 माह की वृधि निगम की दुकानों का अनुबन्ध एंव नवीनीकरण निगम के खोड़ वाले स्थान पर मीट मार्केट खोलने, मंगल पड़ाव पर वेन्डिग जोन बनाये जाने, वर्क शॉप लाईन में दुकान निर्माण, छतरी चौराहे पर पुस्तकालय निर्माण, बरेली रोड नवीन मण्डी के सामने दुकान निर्माण, इ.वी वाहनों हेतु 03 स्थानों पर चार्जीग स्टेशन, शनी बाजार स्टेशन पर चबूतरा निर्माण, कटघरिया चौराहे पर दुकान एंव लेबर सेड निर्माण, बॉयोमेट्रीक मशीन शत प्रतिशत उपस्थिति, निगम द्वारा निग्रत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों हेतु यूजर चार्ज रसीद अनिवार्य, जजी कोर्ट के पास आर्चल का मिल्क केफे निर्मित, कैनाल रोड का नाम जगत सिंह पागंती किये जाने, कर्मचारियों को गोलडन कार्ड बनाये जाने, रजत जयंती पर किये गये कार्य, निगम पार्षदों को अन्य राज्य में शैक्षिक भ्रमण एंव निगम द्वारा बनाये गये उप विधिया सर्व समय से स्वीकार किये गये। आज की बैठक में श्री परितोष वर्मा नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, कर अधीक्षक व 43 पार्षद उपस्थित रहे। महापौर ने बैठक में आए सभी पार्षद गण तथा अधिकारी वर्ग कर्मचारी गण व मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया ।।



# कुविवि नैनीताल में युवाओं के लिए समग्र स्वास्थ्य व कल्याण विषय पर हुई कार्यशाला

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान की पहल के अंतर्गत कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में युवाओं के लिए समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्ष प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक डीएसबी परिसर, नोडल अधिकारी प्रो. सुचि बिष्ट तथा कार्यशाला संयोजक प्रो. लता पांडे तथा कार्यशाला सह संयोजक प्रो. छवि आर्या रहीं। कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत समेत प्रो. सुचि बिष्ट नोडल अधिकारी, प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक, प्रो. लता पांडे कार्यशाला संयोजक, डॉ. दीपक पांडे, डॉ. युवराज पंत और प्रो. सरिता श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रो. लता पांडे कार्यशाला संयोजक द्वारा स्वागत भाषण और कार्यशाला परिचय दिया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. दीपक पांडे, डॉ. युवराज पंत और प्रो. सरिता श्रीवास्तव ने प्रतिभाग किया एवं छात्र.छात्राओं को समग्र स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य तथा आन्त्र स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यशाला का सफल संचालन और आयोजन सह संयोजक प्रो. छवि आर्या तथा आयोजक सचिव प्रो. अमित जोशी तथा सदस्यों प्रो. महेंद्र राणा और प्रो. अर्चना नेगी के मार्गदर्शन में किया गया।

# कुमाऊं विवि नैनीताल की पुरुष क्रिकेट टीम अलीगढ़ के लिए हुई रवाना

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ द्वारा शनिवार (आज) से आयोजित नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की क्रिकेट पुरुष टीम अलीगढ़ के लिए रवाना हो गई है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया की टीम में हल्द्वानी महाविद्यालय के विकल्प बिष्ट, नवीन जोशी, ,निखिल बिष्ट, राज जोशी, गौरव अधिकारी, रवि सिंह, निव बिष्ट तथा प्रतीक पांडे तथा डीएसबी परिसर नैनीताल के टिक सिंह, जय सिंह, संजय कनौजिया व हेमंत जबकि रुद्रपुर के गीतांश दत्त, अर्मान तथा रामनगर महाविद्यालय के आयुष रावत,विश्वास रावत, अमित सिंह रावत को शामिल किया गया है । बताया कि टीम का मैनेजर हितेंद्र मेहता को और प्रशिक्षक नरेंद कुमार को बनाया गया है। बताया कि टीम का प्रथम मैच शनिवार (आज) को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में होगा। टीम के अच्छे प्रदर्शन हेतु डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा पूर्व क्रीड़ाधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, डा. सुरेंद्र सिंह, डॉ राजेश कुमार, गिरीश चंद्र पाठक, भूपेश चंद दुमका, नवनीत राव तथा नवीन सहित कई खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि टीम रुद्रपुर से अलीगढ़ को रवाना हुई।



## NEWS / फटाफट

### पंतनगर विवि बद्री गाय का क्लोन बनाकर करेगा ज्यादा दूध का उत्पादन:डा.चौहान



**नैनीताल ।** जीबी पंत कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर की ओर से बद्री गाय के कलोन पर कार्य किया जा रहा है। कलोन से बनी गाय ज्यादा दूध का उत्पादन करेगी और लोगों को रोजगार देगी। पटवाडांगर में आयोजित पांचवें बायोटेनोलॉजी कनकलेव में जीबी पंत कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय में सवा करोड़ के प्रोजेकट के तहत राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआइ) करनाल (हरियाणा) के सहयोग से बद्री गाय की कलोनिंग परियोजना पर कार्य किया जा रहा है।बताया कि बद्री गाय सामान्य तौर पर एक से दो लीटर दूध देती है लेकिन इसका कलोन दोगुना दूध देगा जिससे भविष्य में दूध उत्पादन और नस्ल सुधार को बढ़ावा मिलेगा। बताया कि बद्री गाय का दूध शिशुओं व बुजुर्गों और रोगियों के लिए श्रेष्ठ माना गया है।

### एनडीआरआई सीखाएगा महिलाओं को वैज्ञानिक तकनीकों से डेयरी चलाने का हुनर:डा. सिंह



**नैनीताल ।** पटवाडांगर में आयोजित पांचवें बायोटेकनोलॉजी कनकलेव में नेशलन डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. धीर सिंह ने बताया कि उत्तराखंड प्राकृतिक संपदाओं से भरा पड़ा है। यहां कई ऑषधिय पौंधे हैं। जिसके चलते यहां पशुपालन आसानी से किया जा सकता है जिससे दुग्ध उत्पादन किया जा सकता है। बताया कि बद्री गाय दूध कम देती है लेकिन उसके दूध व घी की मांग बहुत ज्यादा है। जिसके दाम अन्य प्रोडेकट से दोगुने हैं। उन्होंने कार्यक्रम में आई महिलाओं को नई तकनीकों के साथ पशुपालन कर दुग्ध उत्पादन करने की राय दी। उन्होंने महिलाओं को उनके इंस्टीट्यूट में नेश्नल डेयरी मेले में बुलाकर नई तकनीक सीखने का न्योता दिया है ताकि वह अपने क्षेत्र में उसका उपयोग कर आय बढ़ा सके।

### कुविवि अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन दो दिवसीय महिला- पुरुष प्रतियोगिता शनिवार (आज) से हंस स्पोर्ट्स अकैडमी कल्याणी व्यू रुद्रपुर में आयोजित होगी। रुद्रपुर महाविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर और पीएनजी राजकीय महाविद्यालय रामनगर, राजकीय महाविद्यालय खटीमा, डीएसबी परिसर नैनीताल, राजकीय महाविद्यालय काशीपुर सहित 10 महाविद्यालयों की टीम प्रतिभाग करेंगी। टीम का फाइनल मुकाबला रविवार को प्रात: 11 बजे से होगा।

### आरएसएस स्थापना दिवस कार्यक्रम की हुई घोड़ाखाल से शुरुआत



**नैनीताल ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर घोड़ाखाल स्थित गोलजू मंदिर के प्रांगण से जन चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रियता और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। बता दें यह अभियान एक महिने तक जारी रहेगा। अभियान को सफल बनाने में कैलाश चंद्र सुयाल, आचार्य शर्मा, जीवन जोशी, तारा जोशी, कैलाश थापा, रमेश जोशी, गौरव जोशी, हरीश पांडे , महेश जोशी, उमेश जोशी आदि आरएसएस कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं।

# नैनीताल व भवाली में कांग्रेसियों ने फूंका सीएम धामी का पुतला

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के आहवान पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश में एस्मा एकट लागू करने के विरोध में प्रदेश की धामी सरकार मल्लीताल स्थित पंत प्रतिमा के समीप पूतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया।

पुतला दहन से पूर्व हुई सभा में नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि हिटलरशाही पर उतारू हो चुकी धामी सरकार द्वारा प्रदेश में एस्मा एकट लागू कर सरकार ने अपनी जरूरी न्यायोचित मांगों के लिये धरना दे रहें उपनल व अन्य सरकारी संगठनों के कर्मचारियों के लोकतान्त्रिक अधिकारों का हनन किया है,बोले कि अपनी मांगों के लिये धरना प्रदर्शन सबका संवैधानिक अधिकार है । सरकार के इस हिटलर शाही व अलोकतांत्रिक फ रमान के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सभी कर्मचारी संगठनों के साथ खड़ी है।



इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, सभासदगण सपना बिष्ट, जीनू पांडे, अंकित चंद्रा, बाबू लाल तथा पूर्व नगर अध्यक्ष जे.के.शर्मा, व्यापार मंडल मल्लीताल के महासचिव त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल,तल्लीताल व्यापार मंडल के उपसचिव शैलू उप्रेती, छात्र महासंघ के अध्यक्ष आशीष कबड्वाल, डीएसबी परिसर के छात्रसंघ के महासचिव आयुष कुमार, नगर उपाध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा समेत भुवन सिंह बिष्ट, विमल चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश चंद्रा, पूर्व दायित्वधारी रईस भाई, नगर महामंत्री कैलाश अधिकारी, नगर सचिव बंटू आर्य, जिला यूथ सेवादल अध्यक्ष कमल जोशी,जिला सोशयल मिडिया अध्यक्ष दीपक महरा, पूर्व यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पवन जाटव, दिनेश सिंह खेतवाल, जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस ललित सिंह बोरा, नगर अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ प्रमोद कुमार समेत सचिन कुमार, गौरव कुमार, संजय कुमार, शिवम बजाज, नितिन जाटव,राजेंद्र व्यास,गौरव साह, समतुल्ला, परवेज आलम, प्रियांशु बिष्ट, राहुल पुजारी, विनोद परिहार तथा कनक साह आदि उपस्थित रहे।

दूसरी ओर भवाली में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आहवान पर घोड़ाखाल तिराहे पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व जिला अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस कमेटी खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में तानाशाह धामी सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष भवाली पंकज आर्या , सेवादल अध्यक्ष शांति तिवारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अफ सर अली, वरिष्ठ कांग्रेस से सुजान सिंह रजवार, नगर उपाध्यक्ष जया कपिल, नरेंद्र कुमार, एस एस बिष्ट तथा प्रमोद कुमार तथा हर्षित व शहीद समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

### पुस्तक मेले में छात्र-छात्राओं को मिली नि:शुल्क पुस्तकें



**नैनीताल ।** शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट के अध्ययन केंद्र में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार के निर्देशन में पुस्तक मेले में छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय अध्ययन केंद्र पर नि:शुल्क पुस्तकें प्राप्त की। अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ जयती दीक्षित ने बताया कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के शिक्षार्थियों ने पुस्तक मेले का लाभ उठाया तथा अपनी रुचि एवं आवश्यकता के अनुरूप नि:शुल्क पुस्तकें प्राप्त की ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है ।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## स्वीकार करें चुनौती

*जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया था, वह बहुत पीछे छूट गया। रोजगार की तलाश में पलायन रुका नहीं तथा पर्वतीय क्षेत्र के पुश्तैनी लोगों द्वारा जमीन बेचकर मैदानी जिलों में बसने से नई समस्या उत्पन्न हो गई। रजत जयंती पर मंथन के दौरान स्पष्ट कहा गया कि पहाड़ पर जमीन बेचने वालों को रोकने की चुनौती उस क्षेत्र के विधायक को स्वीकार करनी होगी। यह काम असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। कटु सत्य यह है कि नेता स्वयं पहाड़ से पलायन कर रहे हैं।*

पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ा होने को लेकर पृथक राज्य के गठन के लिए वर्षों तक आंदोलन किया गया। दलील दी गई कि बड़े राज्य का हिस्सा होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्र पर पूरी तरह ध्यान नहीं देती है। वर्ष 1994 में बच्चे से लेकर वृद्ध तक राज्य आंदोलन में सड़कों पर उतर पड़े। कई महीनों तक सरकारी कार्यालय, स्कूल और व्यापारिक गतिविधियां ठप हो गईं। वह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का नहीं था, बल्कि जनआंदोलन था। केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया और राज्य के गठन की प्रक्रिया शुरू की। नौ नवंबर, 2000 को उत्तराखंड राज्य का गठन कर दिया गया। राज्य के गठन की रजत जयंती पर 25 साल की उपलब्धियां गिनाई गईं, लेकिन जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया था, वह बहुत पीछे छूट गया। रोजगार की तलाश में पलायन रुका नहीं तथा पर्वतीय क्षेत्र के पुश्तैनी लोगों द्वारा जमीन बेचकर मैदानी जिलों में बसने से नई समस्या उत्पन्न हो गई। रजत जयंती पर मंथन के दौरान स्पष्ट कहा गया कि पहाड़ पर जमीन बेचने वालों को रोकने की चुनौती उस क्षेत्र के विधायक को स्वीकार करनी होगी। यह काम असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। कटु सत्य यह है कि नेता स्वयं पहाड़ से पलायन कर रहे हैं। पहाड़ से चुनाव जीतने वाले नेता देहरादून, हल्द्वानी, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में आवास बनाकर रहते हैं। भू-कानून का मुद्दा चुनाव में उछाला जाता है। बाहरी लोगों को पहाड़ पर कब्जे के लिए दोषी ठहराया जाता है। यह सच है कि पहाड़ पर अन्य जगह से पहुंचे लोग दुकान, मकान लेकर कारोबार कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब बाहर से आया व्यक्ति पहाड़ पर जीविकोपार्जन कर सकता है तो वहां का मूल निवासी क्यों नहीं कर सकता? पर्वतीय क्षेत्र का मूल निवासी शिक्षक, डाक्टर और सरकारी कर्मचारी पहाड़ पर तैनात नहीं होना चाहता है। पहाड़ पर चिकित्सालयों में डाक्टर नहीं हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। सांसद व विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार कह चुके हैं कि संसद का सत्र नहीं होने पर सांसद और विधानसभा का सत्र नहीं होने पर विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें और मौके पर समाधान करें। मीडिया में कई बार तंज कसते हुए मतदाता अपने जनप्रतिनिधि के लापता होने की टिप्पणी करते हैं। देवभूमि में अमूल्य प्राकृतिक संपदा है। पहाड़ पिछड़ा नहीं है। प्रकृति के उपहार का सम्मान करने की जरूरत है।

# हल्द्वानी में उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा

## पुलिस ने उपद्रव कर रहे कुछ युवकों को हिरासत में लिया

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर में रविवार देर रात हुए उपद्रव के मामले में बनभूलपुरा थाना पुलिस ने 40 से 50 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसओ बनभूलपुरा सुशील जोशी की तहरीर पर की गई। पुलिस अब उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान में जुट गई है। रविवार देर रात बरेली रोड स्थित उजाला नगर क्षेत्र में उस समय तनाव फैल गया, जब स्थानीय लोगों को आवासीय इलाके में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने की सूचना मिली।

खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी दौरान कई हिंदूवादी संगठन भी पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बढ़ते हंगामे को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना की जांच में जुटी पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक कुत्ता मांस का टुकड़ा ले जाता हुआ दिखाई दिया। हालांकि, हिंदूवादी संगठनों ने इस मामले की विस्तृत जांच की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा। इसी बीच भीड़ में



मौजूद कुछ अराजकतत्वों ने एक होटल, कारों और दुकानों में पथराव कर दिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस ने मौके पर बल प्रयोग कर उपद्रवियों को तितर-बितर किया। पथराव और तोड़फोड़ की बढ़ती घटनाओं के बीच लोगों ने सुरक्षा के चलते दुकानें बंद कर दीं। प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आसपास के थानों की पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाया। जिले के कप्तान मंजूनाथ टीसी ने चार सीओ, सभी थानाध्यक्षों, पर्याप्त पुलिस बल एवं पीएसी को तैनात कर क्षेत्र की घेराबंदी करा दी। लगातार बढ़ रहे तनाव के मद्देनजर एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट और एसपी सिटी क्राइम सहित वरिष्ठ अधिकारी भी रात में मौके पर पहुंचे। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस फोर्स ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ लोग उग्र हो गए। इसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। उपद्रव कर रहे कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। इधर एसओ बनभूलपुरा की तहरीर के अनुसार, बरेली रोड स्थित शमा रेस्टोरेंट और आसपास की दुकानों, सड़क पर खड़ी गाड़ियों तथा हल्द्वानी के पीली कोठी क्षेत्र की दुकानों पर लगभग 40-50 अज्ञात उपद्रवियों ने मिलकर पथराव किया। स्थानीय टैम्पो चालकों व अन्य व्यक्तियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इन घटनाओं से शहर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आमजन का जीवन संकटापन्न हो गया। पुलिस ने इन उपद्रवियों के खिलाफ लोक व्यवस्था भंग करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर अवशेषों और क्षेत्र की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है और दोषियों का जल्द पर्दाफाश किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि शहर की फिजा बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और हर संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है।

## महिला से छेड़छाड़ के दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, भेजा जेल

नैनीताल । एसपी क्राइम/ट्रैफिक जगदीश चन्द्र के मार्गदर्शन तथा सीओ भवाली अमित कुमार के पर्यवेक्षण में भीमताल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला से छेड़छाड़ और अपहरण की कोशिश में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बता दें नैनीताल जिले के थाना भीमताल में वादिनी द्वारा तहरीर दी गई कि बुधवार को रात्रि में दो बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा उनके साथ छेड़छाड़ तथा गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी एवं अपहरण करने का प्रयास किया गया तहरीर के आधार पर थाना भीमताल में सुसंगत धाराओं में बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष संजीत राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों अभियुक्तों को चंद घंटों में गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा गया जिनको पुलिस ने गिरफ्तार किया उनमें प्रेम सिंह मेहता पुत्र प्रताप सिंह हाल निवासी नौकुचियाताल भीमताल मूल पता ग्राम अनरसा, पो. देवलचौरा, कोतवाली बागेश्वर उम्र 400 वर्ष तथा धर्मेंद्र पुत्र नैन सिंह, हाल निवासी नौकुचियाताल, भीमताल, मूल पता चमोली सैंड़, पो. बानघाट, थाना सतपुली पौड़ी गढ़वाल तथा उम्र 25 वर्ष शामिल रहे।

# युवा संसद तरुण सभा प्रतियोगिता का आयोजन नीमा, छाया और रश्मि ने मारी बाजी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार की अध्यक्षता में युवा संसद तरुण सभा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए छात्र छात्राओं को भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में संसद, सत्ता पक्ष व विपक्ष की भूमिका का महत्व बताया। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्र छात्राओं को राष्ट्र निर्माण हेतु देश की राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय प्रतिभाग करने का आह्वान किया जिससे भारत की एकता में युवा राजनीतिज्ञ सकारात्मक सहयोग प्रदान कर सके। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. तरुण कुमार आर्य नोडल अधिकारी युवा संसद द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों द्वारा



लोकसभा की कार्यप्रणाली के मंचन के अंतर्गत शपथ ग्रहण समेत नए मंत्रियों का परिचय, प्रश्नकाल में स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी व महँगाई पर प्रश्नोत्तर, राज्यसभा का संदेश, विधेयक परिचय तथा बजट पर चर्चा तथा बजट पारित होने की प्रक्रिया का मंचन किया।

प्रतियोगिता में छाया पंत ने सभापति जबकि ममता बोहरा ने प्रधानमंत्री व रश्मि भंडारी ने नेता प्रतिपक्ष तथा वंशिका, रजनी, आरती, कोमल, शीतल तथा निधि तिवारी तथा नैना ने क्रमशः वित्त मंत्री, खाद्य मंत्री, श्रम मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, महासचिव तथा मार्शल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में नीमा बेरी, छाया पंत तथा रश्मि भंडारी ने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डा. जयति दीक्षित, डॉ. ईप्सिता सिंह व डॉ. दीपक रहे।

प्रतियोगित में विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में ममता पांडे, डॉ. निर्मला, सन्तोष कुमार भारती, प्रदीप कुमार, भाष्करा नन्द पंत, सपना आर्या, मुकेश रावत, अनिल नाथ तथा ललित मोहन आर्या सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं तथा राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय बेतालघाट छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## 'द फैमिली मैन 3' में मनोज बाजपेयी-जयदीप अहलावत और निमरत कौर ही नहीं



*दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी अभिनीत सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन 21 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज हो चुका है। इसका दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था। इस बार सीरीज में जयदीप अहलवात भी जुड़े हैं। इस सीरीज के मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी हैं, जिन्हें दर्शक एकबार फिर से रॉ एजेंट श्रीकांत तिवारी के रूप में देख रहे हैं। फिल्म में उन्होंने अपने किरदार में जाने डालने का काम किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर को इस तीसरे सीजन के लिए 20 से 22 करोड़ रुपये फीस के तौर पर मिले है। शानदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता जयदीप अहलाबत इस सीजन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने विलेन रुक्मा की भूमिका निभाई है, जो श्रीकांत तिवारी की मुश्किले बढ़ाते दिख रहे हैं। उनकी एंट्री कहानी को और दिलचस्प बनाती है। रिपोर्ट्स के अनुसार अभिनेता को इस सीजन के लिए 9 करोड़ फीस के तौर पर मिले हैं। निमरत कौर भी द फैमिली मैन के तीसरे सीजन में नजर आ रही हैं। उन्होंने मीरा के रूप में महत्वपूर्ण भूमका अदा की है, जो श्रीकांत तिवारी की दुश्मन हैं। उनका किरदार दर्शकों को पसंद आ रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार अभिनेत्री को इस सीजन में 8-9 करोड़ रुपये फीस मिला है। श्रीकांत तिवारी की पत्नी सुचि के किरदार के रूप में प्रियामणि मौजूद हैं। पिछले सीजन में भी एक्ट्रेस ने अपने अभिनय से दर्शकों को आकर्षित करने का काम किया था।*

### शारिब हाशमी व अश्लेषा ठाकुर

*रॉ एजेंट श्रीकांत तिवारी के सबसे जिगरी दोस्त जेके तो याद ही होंगे। इस सीजन में भी शारिब हाशमी ही जेके के किरदार में नजर आ रहे हैं। सीरीज में उन्होंने अपने दोस्त को कभी धोखा नहीं दिया। उनकी फीस की बात करें, तो इस सीजन में उन्हें 5 करोड़ रुपये के आसपास मिले हैं।*

*द फैमिली मैन के तीसरे सीजन में श्रीकांत तिवारी की बेटी धृति के किरदार में अश्लेषा ठाकुर हैं। एक्ट्रेस ने भी अपनी एक्टिंग से खूब सुर्खियां बटोरीं।*

# चेकिंग के दौरान 96 वाहनों का चालान, 12 वाहन पर सीज

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार जनपद में पुलिस ने काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध व्यापक व संघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने वाहनों पर लगी काली फिल्म निकाली और चालान की कार्रवाई की। पुलिस का यह अभियान जनपद में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराधों की रोकथाम एवं आम जन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी प्रमुख स्थानों चौराहों, बाजारों, हाईवे, तथा अन्य क्षेत्रों में चैकिंग प्वाईंट पर वाहनों की बारीकी से जांच की। चैकिंग के दौरान विशेष रूप से काली फिल्म युक्त वाहनों की पहचान एवं जांच की। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। 96 वाहनों के खिलाफ चालान काटे।नियमों का उल्लंघन पर 12 वाहन सीज किए गए। एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से काली फिल्म का उपयोग प्रतिबंधित है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखेंगे और किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।यातायात नियमों का पालन करें।



News कॉर्नर

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 494 वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 494वें दिन निगम मुख्यालय नैनीताल में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष मंजुल प्रकाश सनवाल, तारा शर्मा, देवकी देवी, संजय गुरुरानी, रवि शाह, प्रमोद पांडे, मनोज पांडे तथा महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा दत्त भट्ट उपस्थितरहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

## साधन सहकारी समिति थलाडी ओखलकान्डा की अध्यक्ष बनीं लक्ष्मी बिष्ट



**नैनीताल ।** साधन सहकारी समिति थलाडी विकासखंड ओखलकान्डा के निर्वाचन में लक्ष्मी बिष्ट निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। अध्यक्ष पद पर केवल एक नामांकन होने के कारण उनको निर्विरोध अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया वहीं उपाध्यक्ष पद पर गणेश सिंह को भी निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं को भेजे जाने वाले संचालकों में श्रीमती भगवती देवी, जसवंत सिंह ,रमेश चंद्र, मंजू रेकुनी, भवान सिंह रावत, केशवी देवी, हरेंद्र सिंह एवं रणजीत सिंह रावत को निर्वाचित किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारी को निर्वाचन अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# बागजाला वासियों में भारी रोष, 96वें दिन भी जारी रहा धरना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मालिकाना अधिकार लेने, बागजाला को राजस्व गाँव बनाने, पंचायत चुनावों में मताधिकार पुन: बहाल करने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना से टूटी सड़कों का निर्माण करने, जल जीवन मिशन कार्य को पूरा कर हर घर नल, हर घर जल देने का कार्य शुरू करने, गोवंश संरक्षण अधिनियम के चलते आवारा सरकारी गोवंश से पशुपालकों, किसानों, राहगीरों को हो रहे जानमाल के नुकसान से निजात दिलाने के लिए गोवंश की स्थिति अनुसार सरकारी मूल्य निर्धारण कर सरकारी खरीद की गारंटी करने के लिए बागजाला में अनिश्चितकालीन



धरना 96 वें दिन भी जारी रहा ।

धरने को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि, बागजाला वासियों द्वारा किसान महासभा के नेतृत्व में मालिकाना अधिकार और निर्माण कार्यों में लगी रोक हटाने समेत 8 मांगों को लेकर 18 अगस्त 2025 से लगातार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलाते हुए राज्य के माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कुमाऊं कमिश्नर, दर्जा राज्य मंत्री, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, डीएफओ तराई पूर्वी, पीडब्ल्यूडी और जल संस्थान के अधिशासी अभियन्ताओं सहित लालकुआं विधानसभा के विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट को अपनी समस्याओं से अवगत कराए जाने के बावजूद राज्य की भाजपा सरकार द्वारा सुनकर भी अनसुना कर समस्याओं का समाधान करने के बजाय जल संस्थान से जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को भेजी गई धनराशि रू.13.31 लाख का कार्य भी करने से रोका जा रहा है। जबकि अनिश्चितकालीन आन्दोलन शुरू होने से एक दिन पहले यानि 17 अगस्त 2025 को भाजपा के लालकुआं लालकुआं विधायक के बागजाला प्राथमिक विद्यालय में आगमन के मौके पर किसान महासभा बागजाला द्वारा सभी समस्याओं का समुचित हल किये जाने के लिए 19 अगस्त 2025 से चलने वाली विधानसभा में प्रस्ताव लाये जाने के लिए दिए गए ज्ञापन के जवाब में विधायक ने 2 - 3 माह में समस्याओं का हल हो जाने को कहा था। लेकिन 3 माह बीतने के बाद भी हालात जस के तस बने हैं। 96 वें दिन के धरने में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, हेमा, मीना भट्ट, भाकपा माले जिला सचिव कैलाश पाण्डे, हेमा आर्या, दीवान सिंह बर्गली, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, मो सुलेमान मलिक, अंबा दत्त, हेमा देवी, भोला सिंह, दिनेश चंद्र, शकील, पुष्पा देवी, विमला देवी, बबली, शोभा, मुन्नी देवी, नसीम अहमद, हेमा देवी, यासीन शकुंतला देवी,मारूफ अली, सुनीता देवी, तुलसी देवी आदि मौजूद रहे।

# बीएसएनएल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा, मोबाइल टावर लगाने की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों मौना, बाना तथा लोचुसानी में संचार सुविधाएं नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बीएसएनएल के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंप क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने की मांग की है।

बता दें कि नैनीताल से लगभग 30 किलोमीटर दूर नाइसिला ग्रामसभा के मौना, बाना तथा लेचुसानी तोक सड़क से तो जुड़ गए लेकिन यहां के लोगों को आज तक क्षेत्र में संचार सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। लोगों ने मोबाइल तो खरीद लिए लेकिन सिग्नल न होने से मोबाइल डिब्बे के समान हैं जिससे यहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में शिक्षा, रोजगार तथा स्वाथ्य सेवाएं व सरकारी योजनाएं नेटवर्क पर निर्भर है



लेकिन नेटवर्क की उपलबधता नहीं होने से यहां के लोग तकनीकी व सूचना के युग से वंचित हैं।

नाइसिला के ग्राम प्रधान प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि पूर्व में लोचूसानी क्षेत्र में एक टावर स्वीकृत हुआ था लेकिन यहां जनसंखया कम होने के कारण वह टावर स्थापित नहीं किया जा सका। उन्होंने बीएसएनएल के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंप कहा कि बाना तोक में पर्याप्त आबादी होने के साथ साथ टावर के लिए उपयुक्त स्थान भी मुहैया है इसलिए बाना तोक में टावर लगाया जाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# मेडिसिनल प्लांट्स इन आयुर्वेद पर कुविवि के प्राध्यापक प्रो.तिवारी ने दिया व्याख्यान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. ललित तिवारी ने मेडिसिनल प्लांट्स इन आयुर्वेद एवं इथेनॉबोटेनी विषय पर सीसीआरएएस रानीखेत में व्याख्यान दिया।

प्रो. तिवारी ने कहा के आयुर्वेद में 2000 00तथा एथेनाबोटनी में7000 पादप प्रजातियों का प्रयोग मिलता है । आयुर्वेद भारतीय संस्कृति का द्योतक तथा 5000 वर्षों से उपयोग में है। प्रो.तिवारी ने आयुर्वेद तथा एथेनाबोटनी पादप प्रजातियों का उल्लेख किया। कहा कि 2050 0तक मेडिसिनल प्लांट का कारोबार 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है जो प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सेक्टर जॉब देने में भी माकूल है । इसकी खेती की जरूरत है जिसके लिए पॉलिसी बनाना जरूरी है । पूर्व निदेशक डॉ शेर सिंह सामंत ने कहा कि जैव विविधता दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ सामंत ने च्यवनप्राश तथा एलोवेरा एगिलोस पर व्यापक प्रकाश डाला । पूर्व प्रभारी डॉ जी सी जोशी ने कहा कि ज्ञान का संकलन जरूरी है । ये भारत की पहचान है । डॉ मधु दीक्षित ने ड्रग डिस्कवरी पर व्याख्यान दिया । संस्थान प्रभारी डॉ ओमप्रकाश ने सभी का स्वागत तथा डॉ दीपशिखा ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत की ।



# सनवाल क्लीनिक ऑफ स्पीच एंड हेयरिंग को सम्मानित किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एआईआईएमएस, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कुमाऊं की प्रसिद्ध स्पीच लैंग्वेज पैथॉलजिस्ट एवं ऑडियोलॉजिस्ट श्रीमती. अंजली सनवाल, निदेशक – Sanwal Clinic of Speech and Hearing, को Speech & Hearing के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं श्रेष्ठ प्रथाओं (Best Practices) के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय रहा।

इस सम्मेलन का मुख्य विषय था – "Speech & Voice Disorders – Innovative Clinical Approaches" जिसमें देशभर से अनेक अनुभवी Speech & Hearing विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया।

इस सम्मेलन में Mrs. सनवाल ने Puberphonia (पतली आवाज), Vocal Nodules, Vocal Cord Palsy, Tinnitus Management, तुतलाने एवं हकलाने जैसी समस्याओं के उपचार पर आधारित अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एक नई तकनीक के माध्यम से प्यूबरफोनिया (पतली आवाज़) जैसे जटिल वॉइस डिसऑर्डर को सफलतापूर्वक ठीक किया जा सकता है। इस रिसर्च को उपस्थित विशेषज्ञों ने अत्यंत सराहनीय बताते हुए E&emplary Clinical Achievement की श्रेणी में सम्मानित किया। सम्मेलन के दौरान Mrs. सनवाल ने एक ऐसे रोगी की केस स्टडी प्रस्तुत की, जिसे लंबे समय से आवाज़ संबंधित समस्या थी और कई प्रयासों के बावजूद सुधार नहीं हो रहा था। उनकी नई तकनीक से कम समय में प्रभावशाली परिणाम प्राप्त हुए, जिसे उन्होंने वीडियो डाक्यूमेंटेशन के माध्यम से AIIMS के विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति को काफी सराहना मिली और इसे Speech Therapy के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपचारात्मक उपलब्धि माना गया।



## रामनगर मांस प्रकरण: 24 को पुलिस कप्तान व एसएचओ रामनगर हाईकोर्ट में तलब

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर के भाजपा नेता मदन जोशी व अन्य के खिलाफ दंगा भड़काने की सुनियोजित साजिश करने के मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई पर शुक्रवार को भी खण्डपीठ ने सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने एसएसपी नैनीताल व एसएचओ रामनगर से आने वाले सोमवार यानी 24 नवंबर को कोर्ट में पेश होने के साथ साथ मामले की प्रगति रिपोर्ट भी पेश करने को कहा गया है।

# स्थाई प्रमाणपत्रों के सत्यापन को चलाया अभियान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

स्थाई प्रमाणपत्रों के सत्यापन अभियान के दौरान एक आवेदन में अंजुमन मोमिन अंसार, आज़ाद नगर, द्वारा जारी कथित प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया। जहाउस पते पर सिटी मजिस्ट्रेट, एस.डी.एम. तथा तहसीलदार की संयुक्त टीम द्वारा उक्त सोसाइटी के पते का सत्यापन किया गया। सोसाइटी अपने पंजीकृत पते पर मौजूद नहीं पाई गई। स्थानीय जांच में यह तथ्य सामने आया कि रईस अहमद अंसारी, जो साहूकर लाइन में दुकान चलाते हैं, उक्त सोसाइटी के नाम पर अवैध रूप से प्रमाणपत्र जारी कर रहे हैं। मौके पर पूछताछ में रईस अहमद अंसारी द्वारा स्वीकार किया गया कि वह वर्ष 2007 से ऐसे प्रमाणपत्र जारी कर रहा है। रिकॉर्ड सत्यापन में पाया गया कि यह सोसाइटी वर्ष 2007 से नवीनीकृत नहीं हुई है।

सोसाइटी के अध्यक्ष एवं महासचिव का निधन हो चुका है तथा सोसाइटी पूर्णतः निष्क्रिय/अवैध स्थिति में है। इसके बावजूद एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा सोसाइटी का संचालन कर अवैध प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे थे। ऐसे प्रमाणपत्रों का उपयोग कई व्यक्तियों द्वारा जाति, जन्म एवं निवास प्रमाण के रूप में किया जा रहा था, जबकि सोसाइटी को ऐसे किसी प्रमाणपत्र जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। ऐसे सभी प्रमाणपत्रों को चिन्हित किया जा रहा है एवं प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज किए जाने की कार्यवाही भी की जा रही है। गोपाल सिंह चौहान, नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी; राहुल शाह, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी; एवं तहसीलदार हल्द्वानी उक्त छापेमारी एवं जांच कार्यवाही में उपस्थित रहे।

# नैनीताल में विश्व मत्स्य दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व मत्स्य दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुखय उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों व इंटर्न्स व स्थानीय मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक मत्स्य पालन तकनीकों तथा उद्यमिता तथा स्वरोजगार के नवीन अवसरों से अवगत कराना था।



मुखय अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के लैब टू विलेज दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक शोध को सीधे किसानों तक पहुँचाना ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय की अकादमिक और सामाजिक प्रतिबद्धता का मूल तत्व है। इसी दिशा में विभाग के इंटर्न्स द्वारा किसानों को गोद लेकर उनके प्रशिक्षण की पहल को उन्होंने एक अनुकरणीय मॉडल बताया। कहा कि उत्तराखण्ड की 3000 किमी लंबी नदियों और सैकड़ों हेक्टेयर झीलों/जलाशयों में बायोफ्लॉक और आरएएस तकनीकों को अपनाकर राज्य को मत्स्य उत्पादन में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि उत्तराखण्ड को देश के शीर्ष 15 मत्स्य उत्पादक राज्यों में स्थान दिलाया जाए। जन्तु विज्ञान विभाग में 2024 में बायोफ्लॉक फिश टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना की गई थी जिसका मुखय उद्देश्य नैनी झील की देशज मत्स्य प्रजाति स्नो ट्राउट को पुनर्जीवित करना था। विशिष्ट वक्ताओं के व्याखयान कार्यक्रम में डॉ. विशाल दत्ता प्राध्यापक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रप्रयाग तथा डॉ. लुकराम इंगोचोबा मितयी किरोड़ीमल कॉलेजए दिल्ली विश्वविद्यालय ने आधुनिक जलीय कृषि तकनीकोंए उद्यमिता और स्टार्टअप संभावनाओं पर विस्तृत व्याखयान दिए। इस अवसर पर प्रो. आर.एस. बिष्ट सेवानिवृत्त पंतनगर विश्वविद्यालय, प्रो. धमेन्द्र राठौर श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय तथा प्रो. एस.एस. बर्गली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भीमताल बलॉक के मत्स्य पालकों,0 विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला का संचालन प्रो. हरीश चन्द्र सिंह बिष्ट ने किया।